चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 6-8-2023 | 4 | 2-8 |

# प्रदेश में हर गांव के 15 किसानों तक पहुंचा कृषि विश्वविद्यालय, एक क्लिक पर मिलेगी सभी जानकारी

**दैनिक जागरण के हेलो जागरण कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने सुनी किसानों की समस्याएं, किसानों ने फसलों के उपचार और तकनीक के बारे में पूछे सवाल**



दैनिक जागरण के हेलो जागरण कार्यक्रम में फोन पर समस्याएं सुनते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज। • जागरण

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने हर गांव के 15 किसान विश्वविद्यालय के साथ जोड़े हैं। एचएयू ने इन किसानों का डाटा अपने यहां सुरक्षित कर लिया है। एचएयू को कोई भी जानकारी अगर मिनटों में प्रदेश के किसानों तक पहुंचानी है तो इन जागरूक किसानों के माध्यम से पहुंचा सकता है। एचएयू किसानों से संबंधित, कृषि, मौसम और तकनीक से संबंधित किसानों को एक क्लिक पर दी जा सकती है। यह जानकारी एचएयू के कुलपति प्रो बीआर काम्बोज ने दैनिक जागरण के हैलो जागरण कार्यक्रम में दी। कुलपति के समक्ष प्रदेश के अलग-अलग जिलों के किसानों ने फोन कर कृषि से संबंधित जानकारी हासिल की। कुलपति ने फोन पर ही कृषि संबंधी समस्याओं को दूर करने के उपाय भी बताए।

कार्यक्रम में किसानों ने कुलपति से विरानी जमीन में कौन से बागवानी खेती की जाए इस बारे में भी सवाल किए। इस पर कुलपति ने कहा कि नींबू, संतरे और किन्नू जैसी किस्मों की वीरानी जमीन में लगाई जा सकती है। इसकी उच्च किस्म वाली पौध विश्वविद्यालय से प्राप्त की जा सकती है। इसके अलावा कुलपति ने किसानों से आह्वान किया कि अगर वह एचएयू से किसी प्रकार के बीज की डिमांड पहले से करें तो उस हिसाब से बीज उनको अगले साल उपलब्ध करवाया जा सकता है। कुलपति ने कहा कि बीज लेने वाले किसानों की डिमांड अचानक आ जाने से उसकी कमी हो जाती है। अगर किसान बीजों की एडवांस में बुकिंग करवा दें तो यह समस्या नहीं रही। बल्कि कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से उनके नजदीक क्षेत्र में ही बीज उपलब्ध करवा दिए जाएंगे।

• **कपास की फसल में पीले पत्ते हो रखे हैं। गुलाबी सुंडी व उखेड़ा आया हुआ है।**
- भिवानी के बिधवान से किसान सुखबीर सिंह

आपने पोटास व जिंक का प्रयोग नहीं किया। दो पैकेट 1261, तीन पैकेट 13045, छह किलो यूरिया और 100 ग्राम जिंक प्रति एकड़ ड्रिप के जरिए सप्ताह में एक बार छिड़काव करें। गुलाबी सुंडी के लिए तीन मिलीलीटर प्रोफेनोफास 50 ईसी या चार मिली लीटर क्विनल्फास 20 एएफ या 1.5 ग्राम थायोडिकार्ब 75 डब्लू पी प्रति लीटर पानी की दर से 12 से 15 दिनों के अंतराल में छिड़काव करें।

• **हमारा रेतीला इलाका है। प्लांटेशन के लिए कौन से फलदार पौधे लगाएं। खेती को बढ़ावा देने को क्या करें।**
- लोहारू से दयानंद सांगवान

आप नींबू, किन्नू व अमरूद के पौधे लगाएं। एचएयू के पास अमरूद की दो किस्में हैं और दोनों अच्छी हैं।

• **कपास में सफेद कीड़े है और पत्ते कटते हैं।**
- भिवानी बड़ी से किसान धर्मपाल

10 किलोग्राम फ्यूराडान डालें, इससे ठीक हो जाएगा। जड़ में गलन की बीमारी ज्यादा आती है।

• **धान फसल की गोभ में कीड़ा लग रहा है। एक माह की फसल है।**
- यमुनानगर के फतेहपुर से मदनलाल

45 दिन के बाद दवा का छिड़काव करें। हर रोज शाम को खेत में जाएं और ऊपरी पत्तों पर सबसे लंबी तितली बैठी मिलेगी तो ही दवा का छिड़काव करें।

• **एचएयू वीसी और दैनिक जागरण ने किसानों की समस्या जानने की अच्छी पहल की है। कृषि से संबंधित जानकारी लेने को किसानों के लिए एचएयू हिसार ही हब है। किसानों को बीज व कृषि संबंधित जानकारी की किताबें नजदीकी केंद्रों पर उपलब्ध कराई जाए।**
- अंबाला से किसान हरदीप

किसान अगर एडवांस में बीज मांगेंगे तो हम उनके नजदीकी केंद्रों पर बीज भिजवाने का प्रयास करेंगे। इसी तरह कृषि संबंधि पाठन सामग्री भी घर भेजी जाती है। यह चाहें तो कृषि विज्ञान केंद्र से किसान ले सकते हैं।

• **इस बार कृषि मेले में जौ का बीज पर्याप्त नहीं मिला था। हम दूरदराज से आते हैं तो दिक्कत होती है।**
- झज्जर से किसान सोमबीर

इस बार पहले डिमांड बताएं, ताकि बीज का प्रबंध किया जा सके। हर किसान को बीज उपलब्ध कराने की कोशिश रहती है।

• **घीया, तोरी, पेठा व करेला की बेल लगा रखी है। फूल लगते हैं, जो झड़ जाते हैं। फल नहीं आ रहा।**
- चरखी दादरी से किसान सुखबीर

यह बरसात का सीजन है। इनकी बढ़ोतरी रोकने के लिए बेल के आगे का हिस्सा तोड़ दें। पानी कम डालें। वर्षा में नर फूलों की मात्रा ज्यादा बढ़ जाती है और मादा फूलों की कम। ऐसा करने से मादा फूल ज्यादा आएंगे। रस चूसने वाले कीड़ों का अटैक कम होगा।

• **5-6 साल से चीकू का पेड़ है। दो साल से फूल आते हैं, पर फल नहीं आता।**
- सिरसा से [illegible]

कई बार हम गलत नर्सरी से पौधा ले लेते हैं, पर वह अपने यहां के वातावरण के अनुकूल नहीं होता। चीकू के पौधे के 6-7 साल बाद फल आता है। प्रमाणित नर्सरी से ही पौधे लें। एचएयू में भी उपलब्ध हैं। सिरसा में मंगियाना में नर्सरी से अच्छी नस्ल पौधे मिल जाएंगे।

• **ज्वार की बिजाई है। ज्वार में कीड़ा लग जाते हैं और पत्तों को चीर देते हैं।**
- रोहतक से किसान [illegible] सिंह

टिड्डा होता है, जो नुकसान करता है। 200 लीटर पानी में 500 ग्राम मैलाथियान दवा का छिड़काव करें।

• **कपास की फसल हो रखी है। पानी भर गया है और नुकसान हो रहा है।**
- लोहारू से किसान [illegible] सिंह

अब समय निकल गया है। 48 घंटे में पोटाशियम क्लोराइड दवा का छिड़काव करना चाहिए। अब तो काम नहीं कर सकते।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 6-8-23 | 4 | 2-6 |

शिक्षा

22 देशों के विद्यार्थी लेंगे सम्मेलन में भाग, अपने देश की समस्याओं एवं प्रबंधनों पर चर्चा करेंगे

# ऋषिपाल जापान में अंतरराष्ट्रीय छात्र सम्मेलन में देंगे व्याख्यान

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के फाइनल ईयर के छात्र ऋषिपाल यादव जापान के टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय में संबोधित करेंगे। ऋषिपाल गैर-पारंपरिक जलीय खाद्य संसाधनों का उपयोग और स्थायी जलीय कृषि पर विचार रखेंगे। कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने छात्र ऋषिपाल को जापान के लिए प्रस्थान करने से पहले बधाई दी।

कुलपति ने कहा कि वर्ष 2018 से लगातार विश्वविद्यालय के विद्यार्थी इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेते आ रहे हैं। विश्वविद्यालय के काफी विद्यार्थी विश्व के प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों में उच्च शैक्षणिक डिग्री हासिल करने के लिए जा रहे हैं।



हिसार में एचएयू छात्र ऋषिपाल यादव कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के साथ। स्रोत : विवि

विश्वविद्यालय के इंटरनेशनल डेस्क की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा ने बताया कि यह छह दिवसीय सम्मेलन होगा। जिसमें खाद्य, कृषि, पर्यावरण व युवाओं के योगदान एवं जलवायु परिवर्तन से हो रही समस्याओं के समाधान एवं समुदाय के विकास पर चर्चा की जाएगी। जिसमें लगभग 22 देशों के विद्यार्थी भाग लेंगे व अपने देश की समस्याओं एवं प्रबंधनों पर चर्चा करेंगे।

इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, स्नातकोत्तर शिक्षा के अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य व डॉ. अनुज राणा उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 6-8-23 | 4 | 2-4 |

# हकृवि के छात्र ऋषिपाल यादव जापान में जाकर अंतरराष्ट्रीय छात्र सम्मेलन में देंगे व्याख्यान

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मत्सय विज्ञान महाविद्यालय के फाइनल ईयर के छात्र ऋषिपाल यादव जापान के टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय में गैर-पारंपरिक जलीय खाद्य संसाधनों का उपयोग और स्थायी जलीय कृषि में छात्रों का योगदान पर अपने विचार रखेंगे। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने ऋषिपाल को जापान के लिए प्रस्थान करने से पहले बधाई दी, साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



छात्र ऋषिपाल यादव हकृवि के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के साथ। ● विज्ञप्ति

कुलपति ने कहा कि वर्ष 2018 से लगातार विश्वविद्यालय के विद्यार्थी इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेते आ रहे हैं। हाल ही के वर्षों में विश्वविद्यालय के अनेक विद्यार्थी विश्व के अनेक प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों में उच्च शैक्षणिक डिग्री हासिल करने के लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हकृवि आज विश्व स्तर के विश्वविद्यालयों में शुमार है। न केवल यहां के विद्यार्थी विदेशों में पढ़ाई के लिए जाते हैं बल्कि विदेशी छात्र भी यहां पढ़ाई के लिए आ रहे हैं। विश्वविद्यालय के इंटरनेशनल डेस्क की प्रभारी डा. आशा क्वात्रा ने बताया कि इस छह दिवसीय सम्मेलन में चर्चा का विषय खाद्य, कृषि, पर्यावरण व युवाओं के योगदान एवं जलवायु परिवर्तन से हो रही समस्याओं के समाधान एवं समुदाय का विकास रहेगा, जिसमें लगभग 22 देशों के विद्यार्थी भाग लेंगे व अपने देश की समस्याओं एवं प्रबंधनों पर चर्चा करेंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 6-8-23 | 12 | 7-8 |

# हकृवि के छात्र ऋषिपाल जापान में देंगे व्याख्यान



हिसार में शनिवार को छात्र ऋषिपाल यादव हकृवि के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के साथ। -हप्र

**हिसार (हप्र) :** चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मत्सय विज्ञान महाविद्यालय के फाइनल ईयर के छात्र ऋषिपाल यादव जापान के टोक्यों कृषि विश्वविद्यालय में गैर-पारंपरिक जलीय खाद्य संसाधनों का उपयोग और स्थायी जलीय कृषि में छात्रों का योगदान पर अपने विचार रखेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने छात्र ऋषिपाल को जापान के लिए प्रस्थान करने से पहले बधाई दी। इस मौके पर डॉ. आशा क्वात्रा, ओएसडी अतुल ढींगड़ा, स्नातकोत्तर शिक्षा के अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य व डॉ. अनुज राणा उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 06-08-2023 | 4 | 7-8 |



छात्र ऋषिपाल यादव हकृवि के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ।

## ऋषिपाल यादव जापान में जाकर 22वें अंतर्राष्ट्रीय छात्र सम्मेलन में देंगे व्याख्यान

हिसार, 5 अगस्त (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मत्सय विज्ञान महाविद्यालय के फाइनल ईयर के छात्र ऋषिपाल यादव जापान के टोक्यों कृषि विश्वविद्यालय में गैर-पारंपरिक जलीय खाद्य संसाधनों का उपयोग और स्थायी जलीय कृषि में छात्रों का योगदान पर अपने विचार रखेंगे।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि वर्ष 2018 से लगातार विश्वविद्यालय के विद्यार्थी इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेते आ रहे हैं। इससे विद्यार्थियों के ज्ञान में बढ़ौतरी होती है। उन्होंने कहा कि हकृवि के छात्र ऋषिपाल यादव का जापान में जाकर कृषि से संबंधित ज्वलंत मुद्दों पर विचार रखना विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है।

विश्वविद्यालय के इंटरनैशनल डैस्क की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा ने बताया कि इस 6 दिवसीय सम्मेलन में चर्चा का विषय खाद्य, कृषि, पर्यावरण व युवाओं के योगदान एवं जलवायु परिवर्तन से हो रही समस्याओं के समाधान एवं समुदाय का विकास रहेगा, जिसमें लगभग 22 देशों के विद्यार्थी भाग लेंगे व अपने देश की समस्याओं एवं प्रबंधनों पर चर्चा करेंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सच कहूँ | 6-8-23 | 5 | 4-8 |

वर्ष 2018 से लगातार विश्वविद्यालय के विद्यार्थी इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में लेते आ रहे है भाग

## हकृवि का छात्र ऋषिपाल यादव जापान में आयोजित 22वें अंतरराष्ट्रीय छात्र सम्मेलन में देगा व्याख्यान

**22 देशों के विद्यार्थी खाद्य, कृषि, पर्यावरण व युवाओं के योगदान व जलवायु परिवर्तन से हो रही समस्याओं पर करेंगे चर्चा**



छात्र ऋषिपाल यादव हकृवि के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ ।

**हिसार (सच कहूँ न्यूज)।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मत्सय विज्ञान महाविद्यालय के फाइनल ईयर के छात्र ऋषिपाल यादव जापान के टोक्यों कृषि विश्वविद्यालय में गैर-पारंपरिक जलीय खाद्य संसाधनों का उपयोग और स्थायी जलीय कृषि में छात्रों का योगदान पर अपने विचार रखेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने छात्र ऋषिपाल को जापान के लिए प्रस्थान करने से पहले बधाई दी, साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कुलपति ने कहा कि वर्ष 2018 से लगातार विश्वविद्यालय के विद्यार्थी इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेते आ रहे हैं। इससे विद्यार्थियों के ज्ञान में बढ़ोतरी होती है। उन्होंने कहा कि हकृवि के छात्र ऋषिपाल यादव का जापान में जाकर कृषि से संबधित ज्जवलंत मुद्दों पर विचार रखना विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है। हाल ही के वर्षों में विश्वविद्यालय के अनेक विद्यार्थी विश्व के अनेक प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों में उच्च शैक्षणिक डिग्री हासिल करने के लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा हकृवि आज विश्व स्तर के विश्वविद्यालयों में शुमार है क्योंकि न केवल यहां के विद्यार्थी विदेशों में पढ़ाई के लिए जाते हैं बल्कि विदेशी छात्र भी यहां पढ़ाई के लिए आ रहे हैं।

विश्वविद्यालय के इंटरनेशनल डेस्क की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा ने बताया कि इस 6 दिवसीय सम्मेलन में चर्चा का विषय खाद्य, कृषि, पर्यावरण व युवाओं के योगदान एवं जलवायु परिवर्तन से हो रही समस्याओं के समाधान एवं समुदाय का विकास रहेगा, जिसमें लगभग 22 देशों के विद्यार्थी भाग लेंगे व अपने देश की समस्याओं एवं प्रबंधनों पर चर्चा करेंगे। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, स्नातकोत्तर शिक्षा के अधिष्ठाता डॉ. के.डी. शर्मा, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य व डॉ. अनुज राणा उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 6-8-23 | 5 | 4-5 |

## हकृवि का छात्र ऋषिपाल यादव जापान में जाकर 22वें अंतर्राष्ट्रीय छात्र सम्मेलन में देंगे व्याख्यान

हिसार, 5 अगस्त (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मत्सय विज्ञान महाविद्यालय के फाइनल ईयर के छात्र ऋषिपाल यादव जापान के टोक्यों कृषि विश्वविद्यालय में गैर-पारंपरिक जलीय खाद्य संसाधनों का उपयोग और स्थायी जलीय कृषि में छात्रों का योगदान पर अपने विचार रखेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने छात्र ऋषिपाल को जापान के लिए प्रस्थान करने से पहले बधाई दी, साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कुलपति ने कहा कि वर्ष 2018 से लगातार विश्वविद्यालय के विद्यार्थी इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेते आ रहे हैं। इससे विद्यार्थियों के ज्ञान में बढ़ोतरी होती है। उन्होंने कहा कि हकृवि के छात्र ऋषिपाल यादव का जापान में जाकर कृषि से संबंधित ज्वलंत मुद्दों पर विचार रखना विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है। हाल ही के वर्षों में विश्वविद्यालय के अनेक विद्यार्थी विश्व के अनेक प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों में उच्च शैक्षणिक डिग्री हासिल करने के लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा हकृवि आज विश्व स्तर के विश्वविद्यालयों में शुमार है क्योंकि न केवल यहां के विद्यार्थी विदेशों में पढ़ाई के लिए जाते हैं बल्कि विदेशी छात्र भी यहां पढ़ाई के लिए आ रहे हैं। विश्वविद्यालय के इंटरनेशनल डेस्क की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा ने बताया कि इस 6 दिवसीय सम्मेलन में चर्चा का विषय खाद्य, कृषि, पर्यावरण व युवाओं के योगदान एवं जलवायु परिवर्तन से हो रही समस्याओं के समाधान एवं समुदाय का विकास रहेगा, जिसमें लगभग 22 देशों के विद्यार्थी भाग लेंगे व अपने देश की समस्याओं एवं प्रबंधनों पर चर्चा करेंगे। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, स्नातकोत्तर शिक्षा के अधिष्ठाता डॉ. के.डी. शर्मा, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य व डॉ. अनुज राणा उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 6-8-23 | 2 | 6 |

## हकृवि छात्र ऋषिपाल यादव देंगे व्याख्यान

भास्कर न्यूज़ | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के फाइनल ईयर के छात्र ऋषिपाल यादव जापान के टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय में गैर-पारंपरिक जलीय खाद्य संसाधनों का उपयोग और स्थायी जलीय कृषि में छात्रों का योगदान पर अपने विचार रखेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने छात्र ऋषिपाल को जापान के लिए प्रस्थान करने से पहले बधाई दी, साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

कुलपति ने कहा कि वर्ष 2018 से लगातार विश्वविद्यालय के विद्यार्थी इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेते आ रहे हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पांच बजे न्यूज | 05.08.2023 | -- | -- |

# हकृवि का छात्र ऋषिपाल यादव जापान में जाकर 22वें अंतरराष्ट्रीय छात्र सम्मेलन में देगा व्याख्यान



**पांच बजे न्यूज**

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के फाइनल ईयर के छात्र ऋषिपाल यादव जापान के टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय में गैर-पारंपरिक जलीय खाद्य संसाधनों का उपयोग और स्थायी जलीय कृषि में छात्रों का योगदान पर अपने विचार रखेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने छात्र ऋषिपाल को जापान के लिए प्रस्थान करने से पहले बधाई दी, साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कुलपति ने कहा कि वर्ष 2018 से लगातार विश्वविद्यालय के विद्यार्थी इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेते आ रहे हैं। इससे विद्यार्थियों के ज्ञान में बढ़ोतरी होती है। उन्होंने कहा कि हकृवि के छात्र ऋषिपाल यादव का जापान में जाकर कृषि से संबंधित ज्वलंत मुद्दों पर विचार रखना विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है। हाल ही के वर्षों में विश्वविद्यालय के अनेक विद्यार्थी विश्व के अनेक प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों में उच्च शैक्षणिक डिग्री हासिल करने के लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा हकृवि आज विश्व स्तर के विश्वविद्यालयों में शुमार है क्योंकि न केवल यहां के विद्यार्थी विदेशों में पढ़ाई के लिए जाते हैं बल्कि विदेशी छात्र भी यहां पढ़ाई के लिए आ रहे हैं।

विश्वविद्यालय के इंटरनेशनल डेस्क की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा ने बताया कि इस 6 दिवसीय सम्मेलन में चर्चा का विषय खाद्य, कृषि, पर्यावरण व युवाओं के योगदान एवं जलवायु परिवर्तन से हो रही समस्याओं के समाधान एवं समुदाय का विकास रहेगा, जिसमें लगभग 22 देशों के विद्यार्थी भाग लेंगे व अपने देश की समस्याओं एवं प्रबंधनों पर चर्चा करेंगे।

इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, स्नातकोत्तर शिक्षा के अधिष्ठाता डॉ. के.डी. शर्मा, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य व डॉ. अनुज राणा उपस्थित रहे।

| चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |
| --- |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| सिटी पल्स न्यूज | 05.08.2023 | -- | -- |

# हकृवि का छात्र ऋषिपाल यादव जापान सम्मेलन में देंगे व्याख्यान



छात्र ऋषिपाल यादव हकृवि के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ।

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के फाइनल ईयर के छात्र ऋषिपाल यादव जापान के टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय में गैर-पारंपरिक जलीय खाद्य संसाधनों का उपयोग और स्थायी जलीय कृषि में छात्रों का योगदान पर अपने विचार रखेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने छात्र ऋषिपाल को जापान के लिए प्रस्थान करने से पहले बधाई दी।

कुलपति ने कहा कि वर्ष 2018 से लगातार विश्वविद्यालय के विद्यार्थी इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेते आ रहे हैं। इससे विद्यार्थियों के ज्ञान में बढ़ोतरी होती है। उन्होंने कहा कि हकृवि के छात्र ऋषिपाल यादव का जापान में जाकर कृषि से संबंधित ज्वलंत मुद्दों पर विचार रखना विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है।

विश्वविद्यालय के इंटरनेशनल डेस्क की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा ने बताया कि इस 6 दिवसीय सम्मेलन में चर्चा का विषय खाद्य, कृषि, पर्यावरण व युवाओं के योगदान एवं जलवायु परिवर्तन से हो रही समस्याओं के समाधान एवं समुदाय का विकास रहेगा, जिसमें लगभग 22 देशों के विद्यार्थी भाग लेंगे व अपने देश की समस्याओं एवं प्रबंधनों पर चर्चा करेंगे।

इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, स्नातकोत्तर शिक्षा के अधिष्ठाता डॉ. के.डी. शर्मा, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य व डॉ. अनुज राणा उपस्थित रहे।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| पाठक पक्ष न्यूज | 05.08.2023 | -- | -- |

# हकृवि का छात्र ऋषिपाल यादव जापान में जाकर 22वें अंतरराष्ट्रीय छात्र सम्मेलन में देंगे व्याख्यान



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 अगस्त :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मत्सय विज्ञान महाविद्यालय के फाइनल ईयर के छात्र ऋषिपाल यादव जापान के टोक्यों कृषि विश्वविद्यालय में गैर-पारंपरिक जलीय खाद्य संसाधनों का उपयोग और स्थायी जलीय कृषि में छात्रों का योगदान पर अपने विचार रखेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने छात्र ऋषिपाल को जापान के लिए प्रस्थान करने से पहले बधाई दी, साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कुलपति ने कहा कि वर्ष 2018 से लगातार विश्वविद्यालय के विद्यार्थी इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेते आ रहे हैं। इससे विद्यार्थियों के ज्ञान में बढ़ोतरी होती है। उन्होंने कहा कि हकृवि के छात्र ऋषिपाल यादव का जापान में जाकर कृषि से संबंधित ज्वलंत मुद्दों पर विचार रखना विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है। हाल ही के वर्षों में विश्वविद्यालय के अनेक विद्यार्थी विश्व के अनेक प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों में उच्च शैक्षणिक डिग्री हासिल करने के लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा हकृवि आज विश्व स्तर के विश्वविद्यालयों में शुमार है क्योंकि न केवल यहां के विद्यार्थी विदेशों में पढ़ाई के लिए जाते हैं बल्कि विदेशी छात्र भी यहां पढ़ाई के लिए आ रहे हैं। विश्वविद्यालय के इंटरनेशनल डेस्क की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा ने बताया कि इस 6 दिवसीय सम्मेलन में चर्चा का विषय खाद्य, कृषि, पर्यावरण व युवाओं के योगदान एवं जलवायु परिवर्तन से हो रही समस्याओं के समाधान एवं समुदाय का विकास रहेगा, जिसमें लगभग 22 देशों के विद्यार्थी भाग लेंगे व अपने देश की समस्याओं एवं प्रबंधनों पर चर्चा करेंगे। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, स्नातकोत्तर शिक्षा के अधिष्ठाता डॉ. के.डी. शर्मा, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य व डॉ. अनुज राणा उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | 05.08.2023 | -- | -- |

# अंतरराष्ट्रीय छात्र सम्मेलन में ऋषिपाल रखेंगे अपने विचार

नभ-छोर न्यूज ⏭ 05 अगस्त

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के फाइनल ईयर के छात्र ऋषिपाल यादव जापान के टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय में गैर-पारंपरिक जलीय खाद्य संसाधनों का उपयोग और स्थायी जलीय कृषि में छात्रों का योगदान पर अपने विचार रखेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने छात्र ऋषिपाल को जापान के लिए प्रस्थान करने से पहले बधाई दी। कुलपति ने कहा कि वर्ष 2018 से लगातार विश्वविद्यालय के विद्यार्थी इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेते आ रहे हैं। इससे विद्यार्थियों के ज्ञान में बढ़ोतरी होती है। विश्वविद्यालय के इंटरनेशनल डेस्क की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा ने बताया कि इस 6 दिवसीय सम्मेलन में चर्चा का विषय खाद्य, कृषि, पर्यावरण व युवाओं के योगदान एवं जलवायु परिवर्तन से हो रही समस्याओं के समाधान एवं समुदाय का विकास रहेगा, जिसमें लगभग 22 देशों के विद्यार्थी भाग लेंगे व अपने देश की समस्याओं एवं प्रबंधनों पर चर्चा करेंगे। इस अवसर पर डॉ. अतुल ढींगड़ा, डॉ. के.डी. शर्मा, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. संदीप आर्य व डॉ. अनुज राणा आदि उपस्थित रहे।